| | |
|---|---|
| | **भारतीय स्टेट बैंक**<br>केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,<br>कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई<br>फोन: 022-2282 0427, ईमेल: crpd@sbi.co.in |




# AWARDS & ACCOLADES




SBI was awarded the **"Company of the Year Award – 2023"** by the **ET Awards** for Corporate Excellence 2023 on 15.03.2024.




SBI Featured among the **top 25 strongest Brands globally** for 2024 – Brand Finance Annual Report on most valuable and **Global Brands – Global 500 2024.** *(19.01.2024)*



SBI Chairman was honoured with the **Indian of the year award (IOTY) 2023** in the business category at **CNN – News 18 awards** on 10.01.2024.




SBI was recognized as the **"Best Bank in India"** for the year 2023 by **Global Finance Magazine** at its 30th Annual Best Banks Awards event. The award ceremony took place in Marrakech, **Morocco** during the occasion of 2023 IMF/WB Annual Meetings held from 9th to 15th October 2023.



**Most trusted BFSI Brands 2023-24**, on 21.06.2023, by the Economic Times Group.




Won 4 **awards** at **DIGIXX 2024 Summit & Awards** on 22.03.2024 at New Delhi.

- Brand of the Year
- Best Influencer marketing Campaign
- best use of Social Media
- PR/ Online Reputation Management




SBI received the **"Iconic Banking Brand"** award at the 3rd edition of **Navbharat BFSI 2023** presented by the Honorable Speaker of Maharashtra Legislative Assembly on 13.01.2024



SBI received the Top Performing Bank award under **EASE 5.0** of PSBs Reforms Agenda.




Dunn & Bradstreet Award in the Category – **PSU Banks over 4 lacs crore assets** size at the PSU & Government Summit 2023 on 07th October 2023.



SBI received the **"India's Best Annual Report Awards 2023"** award



SBI received the **"ICAI Awards for Excellence in Financial Reporting"** award

# संविदा के आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

## विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2024-25/01

## आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 07.06.2024 से 27.06.2024 तक

भारतीय स्टेट बैंक निम्नलिखित पद पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है.
उम्मीदवारों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

1. पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूरी होगी जब शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि या उससे पहले बैंक में ऑनलाइन माध्यम से शुल्क जमा किया गया हो.
2. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि पर उक्त पद के लिए दिए गए योग्यता मानदंडों को पूरा करते हैं.
3. उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेज (विस्तृत जीवन वृत्त, पहचान का प्रमाण, आयु का प्रमाण, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जाति/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी प्रमाण पत्र, जहां भी लागू हो, आदि) अपलोड करने की आवश्यकता है, ऐसा न करने पर शॉर्टलिस्टिंग/साक्षात्कार के लिए उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा.
4. चयनित सूची दस्तावेज़ों के सत्यापन के बिना अनंतिम होगी. साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) उम्मीदवार द्वारा मूल प्रतियों सहित सभी विवरणों/प्रलेखों का सत्यापन करवाए जाने पर ही उसकी उम्मीदवारी मानी जाएगी.
5. यदि उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और यदि वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है (आयु प्रमाण, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव आदि) तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्ययों की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होंगी.
6. उम्मीदवारों को सूचना दी जाती हैं कि वे बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** को नियमित रूप से विवरणों और नई जानकारी हेतु देखें (इसमें शॉटलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों की सूची शामिल है). **आवश्यक होने पर कॉल लेटर/सूचना मात्र ई-मेल द्वारा भेजा जाएगा (कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी).**
7. यदि एक से अधिक उम्मीदवारों के समान अंक आते हैं जो कि फाइनल मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ प्वाइन्ट पर समान अंक), तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में रखा जाएगा.
8. इस कार्यालय को कागजी आवेदन और अन्य प्रलेखों की प्रतियां न भेजें.
9. **सभी संशोधन/शुद्धि पत्र केवल बैंक की उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किए जाएंगे.**

**क. पद का विवरण/नियुक्ति की प्रकृति/रिक्तियाँ/आयु/अनुभव/चयन प्रक्रिया/तैनाती का स्थान:**

| पद | नियुक्ति की प्रकृति | रिक्तियाँ | | | | | | | आयु निर्दिष्ट तारीख 29.02.2024 तक$ | अनुभव (निर्दिष्ट तारीख 29.02.2024 तक) | चयन प्रक्रिया | तैनाती का स्थान* (संभावित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अ.जा. | अ.ज.जा | अ.पि.व. | ईडब्ल्यूएस | सामान्य/अनारक्षित | कुल | पीडब्ल्यूबीडी वीआई# | | | | |
| रक्षा बैंकिंग सलाहकार (डीबीए) – वायु सेना | संविदा | -- | -- | -- | -- | 01 | 01 | 01 | अधिकतम 62 वर्ष (जन्म 01.03.1962 से पहले नहीं) | भारतीय वायु सेना से एयर वाइस मार्शल या उससे ऊपर के पद से सेवानिवृत्त | शॉर्टलिस्टिंग और बातचीत | **नई दिल्ली** (कार्य क्षेत्र: अखिल भारतीय) |
| मंडल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) – बेंगलूरु | संविदा | -- | -- | -- | -- | 01 | 01 | 01 | अधिकतम 60 वर्ष (जन्म 01.03.1964 से पहले नहीं) | भारतीय सेना से मेजर जनरल या ब्रिगेडियर के पद से सेवानिवृत्त | शॉर्टलिस्टिंग और बातचीत | **बेंगलुरु** (कार्य क्षेत्र: बेंगलूरु मंडल और तिरुवनंतपुरम मंडल. कर्नाटक एवं केरल राज्य और संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप) |
| मंडल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) – चंडीगढ़ | संविदा | -- | -- | -- | -- | 01 | 01 | 01 | अधिकतम 60 वर्ष (जन्म 01.03.1964 से पहले नहीं) | भारतीय सेना से मेजर जनरल या ब्रिगेडियर के पद से सेवानिवृत्त | शॉर्टलिस्टिंग और बातचीत | **चंडीगढ़** (कार्य क्षेत्र: चंडीगढ़ मंडल. संघ राज्यक्षेत्र चंडीगढ़, लद्दाख, जम्मू और कश्मीर तथा हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश राज्य) |

(#पीडब्ल्यूबीडी (VI) के लिए रिक्ति समस्तरीय है और ये मूल श्रेणी की रिक्तियों में शामिल हैं). (*तैनाती का स्थान केवल सांकेतिक है, चयनित उम्मीदवारों को बैंक के विवेक पर भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है.)

$ रक्षा बैंकिंग सलाहकार (डीबीए) – वायु सेना: 29.02.2024 को 62 वर्ष से अधिक नहीं अर्थात उम्मीदवारों का जन्म 01.03.1962 से पहले नहीं होना चाहिए. मंडल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए): 29.02.2024 को 60 वर्ष से अधिक नहीं अर्थात उम्मीदवारों का जन्म 01.03.1964 से पहले नहीं होना चाहिए.

**संक्षेपाक्षर:** रिक्ति श्रेणी: अ.जा. – अनुसूचित जाति, अ.ज.जा. – अनुसूचित जनजाति; अ.पि.व. – अन्य पिछड़ा वर्ग; ईडब्ल्यूएस – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; जनरल – सामान्य/अनारक्षित; पीडब्ल्यूबीडी – बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार; वीआई – दृष्टि बाधित.

**नोट:**

1. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त-पदों सहित रिक्त-पदों की संख्या अनंतिम है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है.
2. ऐसे मामलों में जहाँ एक विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव की आवश्यकता है, अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार के पास उस विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव है.
3. बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षण, उक्त पद की समग्र रिक्तियों के समान रहेंगी.
4. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
5. आरक्षित श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार जिनके लिए कोई आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है, वे अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्तियों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते वे अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों. आवेदन जमा करने के बाद किसी उम्मीदवार की श्रेणी में किसी बदलाव की अनुमति नहीं है.
6. ऐसे मामले में जहां शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र पूर्ण प्रतिशत की दृष्टि से (अर्थात प्रतिशत के अलावा अन्य मामलों में) के साथ-साथ विशेषज्ञता के क्षेत्र में प्राप्त अंकों को निर्दिष्ट नहीं करता है, उम्मीदवार को प्रतिशत समतुल्य में संपरिवर्तित अंकों और साथ ही अर्जित विशेषज्ञता का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान/कॉलेज से एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.
7. **बैंक किसी भी स्तर पर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

**ख. शैक्षणिक योग्यताओं/अनुभव/कार्य प्रोफाइल/भूमिका और उत्तरदायित्वों/प्रमुख उत्तरदायित्व क्षेत्र/संविदा अवधि और अन्य निबंधनों एवं शर्तों के विवरण:**

**पद क्रमांक 1: रक्षा बैंकिंग सलाहकार (वायु सेना)**

**शैक्षणिक योग्यताएँ:** लागू नहीं.

**अनुभव (29.02.2024 तक):** भारतीय वायु सेना से एयर वाइस मार्शल या उससे ऊपर के पद से सेवानिवृत्त.

**कार्य प्रोफाइल/भूमिका एवं उत्तरदायित्व**

1. वायु सेना मुख्यालय/अन्य वायु सेना इकाइयों के साथ संपर्क करना, जिससे संस्थागत स्तर पर वायु सेना और एसबीआई के बीच संबंधों का विस्तार किया जा सके और बैंक के रक्षा वेतन पैकेज (डीएसपी) के प्रसार को अधिकारियों सहित उनके कार्मिकों के बीच बढ़ाया जा सके.
2. जब एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों को उनसे मिलना हो, वायु सेना मुख्यालय/कमांड मुख्यालय/अन्य इकाइयों आदि के साथ बैठक की व्यवस्था करना.
3. शिकायत निवारण के लिए वायु सेना मुख्यालय आदि के लिए संपर्क के एकल बिंदु (एसपीओसी) के रूप में कार्य करना.
4. शाखा विस्तार और एटीएम/ई-लॉबी आदि की स्थापना के लिए स्थानों की पहचान करने में एसबीआई की सहायता करना.
5. जब भी आवश्यक हो, हमारे मडलों/नेटवर्कों/आरबीओ द्वारा स्थानीय रूप से विभिन्न इकाइयों/रेजिमेंटों से संवाद करने के लिए बिजिनस लीड उत्पन्न करना और उनपर अनुवर्ती कार्रवाई करना और बैंक को उनके संपर्क विवरण प्रस्तुत करना.
6. वायु सेना की गृह पत्रिकाओं, जब भी प्रकाशित हों, में विज्ञापन देने में एसबीआई की सहायता करना.
7. डीएसपी और अन्य संस्थागत व्यवसाय के विपणन और शिकायतों से निपटने के लिए मंडल डीबीए के साथ समन्वय करना.
8. समय-समय पर सौंपे गए कोई अन्य कार्य.
9. **रक्षा बैंकिंग सलाहकार कॉर्पोरेट सेंटर में मुख्य महाप्रबंधक (संसाधन, सीवीई और धन प्रबंधन बीयू) को रिपोर्ट करेंगे. वे दिन-प्रतिदिन के कामकाज के लिए कॉर्पोरेट केंद्र में उमप्र (वेतन पैकेज खाते) के साथ समन्वय करेंगे.**
10. रक्षा बैंकिंग सलाहकार, किसी भी बातचीत में सीधे बैंक का प्रतिनिधित्व नहीं करेंगे और न ही किसी प्रशासनिक, वित्तीय या अनुशासनात्मक अधिकारों का प्रयोग करेंगे.

**केआरए**

1. नए डीएसपी/सीएपीएसपी/आईसीजीएसपी खातों की संख्या, कासा से संबंधित आस्तियों और देयताओं/क्रॉस सेलिंग में वृद्धि.
2. पीओएस मशीन लगवाने के लिए रक्षा कैंटीनों के साथ बातचीत. डीबीए/सीडीबीए के समन्वय से कैंटीनों में स्थापित पीओएस मशीनों की संख्या में वृद्धि.
3. दरबारों/सैनिक सम्मेलनों में भागीदारी.
4. रेजिमेंटल निधियां और अन्य जमा खाते प्राप्त करने में सहायता करना.
5. रक्षा और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) मुख्यालयों/इकाइयों के साथ संपर्क/नेटवर्किंग. हमारे सीएमसी सदस्यों के साथ बैठकें आयोजित करना.
6. क) नए एटीएमों ख) एटीएमों का स्थानांतरण ग) ई–कॉर्नर घ) नई शाखाएं खोलने आदि के लिए सिफारिश.
7. रक्षा/केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कार्मिकों के मौजूदा बचत खातों को डीएसपी/सीएपीएसपी में परिवर्तित करना सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाना.
8. अन्य बैंकों के डीएसपी/सीएपीएसपी/आईसीजीएसपी खातों को लाने के लिए डीबीए/सीडीबीए द्वारा शुरू की गई कार्रवाई/सुधारात्मक कार्रवाई.
9. नागरिक सुरक्षा प्रतिष्ठानों और सीजीएसपी के तहत शामिल कर्मचारियों की संख्या.
10. रेजीमेंटल/भर्ती केंद्रों पर वेतन खाता खोलने और क्रॉस सेलिंग के लिए सहायता डेस्क की स्थापना करना/विशेष रूप से अधिकारी रैंक के लिए क्रॉस सेलिंग कार्यकलाप.
11. रक्षा और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के मृत कार्मिकों के दावेदारों द्वारा पीएआई की दावा दर्ज करने की प्रक्रिया में सुविधा प्रदान करना. इसमें दावेदारों को आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान करना शामिल है. दावा अस्वीकृति को कम करने के लिए रक्षा और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) इकाइयों में पीएआई (दावा प्रक्रिया को शामिल करते हुए) के बारे में जागरूकता बढ़ाना.
12. अन्य व्यवसाय/सेवाओं जैसे ई–खरीद, ई–नीलामी, स्कूल शुल्क के संग्रह के लिए रक्षा प्राधिकरण के साथ बातचीत करना.
13. रिपोर्टिंग प्राधिकारी को समय पर निरीक्षण रिपोर्ट/कार्य बिंदुओं की अनुवर्ती कार्रवाई प्रस्तुत करना.

**टिप्पणी: ऊपर वर्णित कार्य रूपरेखा/केआरए उदाहरण रूप में हैं. बैंक द्वारा उपर्युक्त पदों के लिए ऊपर वर्णित कार्य के अलावा समय–समय पर अन्य कार्य सौंपे जा सकते हैं.**

**संविदा अवधि और अन्य निबंधन एवं शर्तें**

चयनित उम्मीदवार को शुरू में 2 वर्ष की अवधि के लिए नियोजित किया जाएगा. संविदा अवधि पूरी होने पर, संतोषजनक स्वास्थ्य स्थिति वाले 64 वर्ष या उससे कम आयु के डीबीए को बैंक के विवेक पर अधिकतम दो और वर्षों की अवधि के लिए 65 वर्ष की आयु की बाहरी सीमा के भीतर पुनर्नियुक्ति के लिए विचार किया जा सकता है.

**संविदा की समाप्ति:** संविदा को किसी भी पक्ष द्वारा 1 महीने का नोटिस देकर या 1 महीने के मुआवजे के बराबर राशि का भुगतान करके बिना कोई कारण बताए समाप्त किया जा सकता है.

**छुट्टी:** 30 दिन की छुट्टी के लिए पात्र. छुट्टी की गणना के प्रयोजन के प्रयोजनार्थ, बीच के पड़ने वाले रविवार/छुट्टियों को छुट्टी में शामिल नहीं किया जाएगा. नियोजन अवधि के दौरान न ली गई छुट्टियाँ समाप्त हो जाएँगी. छुट्टी देना बैंक के विवेक पर निर्भर करता है.

**पद क्रमांक 2: मंडल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए), बेंगलूरु और**

**पद क्रमांक 3: मंडल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए), चंडीगढ़**

**शैक्षणिक योग्यताएँ:** लागू नहीं.

**अनुभव (29.02.2024 तक):** भारतीय सेना से मेजर जनरल या ब्रिगेडियर के पद से सेवानिवृत्त.

**कार्य प्रोफाइल/भूमिका एवं उत्तरदायित्व :**

1. संस्थागत स्तर पर सेना/ नौसेना/ वायु सेना/ अर्ध सैनिक बलों और एसबीआई के बीच संबंधों को बढ़ाने के लिए और साथ ही अधिकारियों सहित उनके कार्मिकों के साथ हमारे डीएसपी के विस्तार को बढ़ाने के लिए स्थानीय डिविजनों/रेजिमेंटल केन्द्रों/रेजिमेंट/ब्रिगेड मुख्यालयों/चिकित्सा यूनिटों आदि के साथ–साथ अन्य सैन्य बलों/केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की स्थानीय इकाइयों के साथ संपर्क करना. तथा हमारे डीएसपी, सीएपीएसपी और आईसीजीएसपी के प्रसार में वृद्धि. इसके अलावा, निम्नलिखित कार्य शामिल होंगे:
   - क) किसी भी स्थानीय मुद्दे का निपटान.
   - ख) बड़े कैंटोन्मेंट में बड़े पैमाने पर खाता खोलना/ऋण अभियान चलाना, उनके मासिक दरबारों/सैनिक सम्मेलनों आदि में भाग लेना.
   - ग) यह सुनिश्चित करना कि पेंशन खातों तथा पेंशनरों के सेवांत लाभों सहित रेजिमेंटल केद्रों में सभी नई पीबीओआर भर्तियों के खाते एसबीआई में खोले जा रहे हैं.
   - घ) विभिन्न अकादमियों, प्रशिक्षण संस्थानों तथा अन्य स्थानों जहां वे रिपोर्ट करते हैं, में अधिकारी कैडेटों के लिए खाता खोलने की व्यवस्था करना.
   - ङ) पेंशनरों के लिए उनके सेवांत लाभों का निवेश करने के लिए निवेश अवसरों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करना.
   - च) सीएसडी कैंटिनों/यूआरसी में पीओएस मशीनों की स्थापना के लिए समन्वय कार्य.
   - छ) रक्षा बैंकिंग शाखाओं के नवीकरण/पुनर्नामित करने में समग्र पर्यवेक्षण.
   - ज) अन्य बैंकों से एसबीआई में वेतन/पेंशन खातों के अंतरण के लिए सक्रिय विपणन.
   - झ) डीएसपी खाताधारकों के लिए विशेष गठजोड़ तथा योजनाओं के लिए सक्रिय विपणन.
2. उपर्युक्त संगठनों के कमांडिंग अधिकारियों के साथ बैठक की व्यवस्था करना और एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उनकी मुलाकात कराना.
3. शिकायतों के निवारण के लिए अपने क्षेत्र में सेना/नौसेना/वायु सेना/केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) प्रतिष्ठानों के लिए एक संपर्क बिंदु (एसपीओसी) के रूप में कार्य करना. अंतिम समाधान तक शिकायतों पर अनुवर्ती कार्रवाई करना. शिकायतों की स्थिति पर नज़र रखना और सेना/नौसेना/वायु सेना मुख्यालय के साथ बैठक के लिए रक्षा बैंकिंग सलाहकार को परामर्श देना.
4. शाखा विस्तार के लिए स्थानों की पहचान करने और एटीएम और ई–लॉबी (बहु–कार्यात्मक कियोस्क) की स्थापना करने में एसबीआई की सहायता करना.
5. कैप्टिव शाखाओं की प्रशिक्षण जरूरतों की पहचान करना.
6. कमान मुख्यालय/रेजिमेंटल केन्द्रों/रक्षा इकाइयों में एस बी आई की प्रस्तुतियों की व्यवस्था करना.
7. बिजनेस लीड्स उत्पन्न करना और उसका पालन करना और विभिन्न यूनिटों/रेजिमेंटों के संपर्क विवरण बैंक को प्रस्तुत करना जिससे आवश्यक होने पर हमारे मंडल कार्यालयों/नेटवर्क/क्षेत्रीय कारोबार कार्यालयों द्वारा स्थानीय रूप से उनके साथ संवाद किया जा सके.
8. रक्षा/केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की आंतरिक पत्रिकाएं, जब भी वे प्रकाशित हों, के लिए विज्ञापन देने में एसबीआई की सहायता करना.
9. डीएसपी, बैंक के आस्ति और देयता उत्पादों, अन्य संस्थागत व्यवसाय के विपणन और शिकायतों से निपटने के लिए कॉर्पोरेट स्तर पर डीबीए के साथ समन्वय करना.
10. बैंक द्वारा समय–समय पर सौंपा गया कोई अन्य कार्य.
11. मंडल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) मुख्य महाप्रबंधक (मंडल) के निर्णय के अनुसार महाप्रबंधक (नेटवर्क) को रिपोर्ट करेगा. हालाँकि, उनके रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सेना) के साथ निश्चित संबंध हैं. दैनंदिन कामकाज के लिए वे उमप्र (पीबीबीयू) के साथ समन्वय में काम करेंगे.
12. मंडल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) किसी भी बातचीत में बैंक का सीधे प्रतिनिधित्व नहीं करेगा और न ही किसी भी प्रशासनिक, वित्तीय या अनुशासनिक अधिकारों का प्रयोग करेगा.

केआरए

1. नए डीएसपी/सीएपीएसपी/आईसीजीएसपी खातों की संख्या में वृद्धि/कासा से संबंधित आस्तियों और देयताओं/क्रॉस सेलिंग में वृद्धि.
2. पीओएस मशीनों इंस्टॉलेशन के लिए रक्षा कैंटीनों के साथ बातचीत. डीबीए/सीडीबीए के समन्वय से कैंटीनों में स्थापित पीओएस मशीनों की संख्या में वृद्धि.
3. दरबारों/सैनिक सम्मेलनों में भागीदारी.
4. रेजिमेंटल निधियां और अन्य जमा खाते प्राप्त करने में सहायता.
5. रक्षा और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) मुख्यालयों/इकाइयों के साथ संपर्क/नेटवर्किंग. हमारे सीएमसी सदस्यों के साथ बैठकें आयोजित करना.
6. क) नए एटीएमों ख) एटीएमों का स्थानांतरण ग) ई–कॉर्नर घ) नई शाखाएं खोलने आदि के लिए सिफारिश.
7. रक्षा/केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कार्मिकों के मौजूदा बचत खातों को डीएसपी/सीएपीएसपी में परिवर्तित करना सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाना.
8. अन्य बैंकों के डीएसपी/सीएपीएसपी/आईसीजीएसपी खातों को बढ़ावा देने के लिए डीबीए/सीडीबीए द्वारा शुरू की गई कार्रवाई/सुधारात्मक कार्रवाई.
9. नागरिक सुरक्षा प्रतिष्ठानों और सीजीएसपी के तहत शामिल कर्मचारियों की संख्या.
10. रेजीमेंटल/भर्ती केंद्रों पर वेतन खाता खोलने और क्रॉस सेलिंग उद्देश्य के लिए सहायता डेस्क की स्थापना की सुविधा–विशेष रूप से अधिकारी रैंक के लिए क्रॉस सेलिंग.
11. रक्षा और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के मृत कार्मिकों के दावेदारों द्वारा पीएआई की दावा दर्ज करने की प्रक्रिया में सुविधा प्रदान करना. इसमें दावेदारों को आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान करना शामिल है. दावा अस्वीकृति को कम करने के लिए रक्षा और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) इकाइयों में पीएआई (दावा प्रक्रिया को शामिल करते हुए) के बारे में जागरूकता बढ़ाना.
12. अन्य व्यवसाय/सेवाओं जैसे ई–खरीद, ई–नीलामी, स्कूल शुल्क की वसूली के लिए रक्षा प्राधिकरण के साथ बातचीत करना.
13. रिपोर्टिंग प्राधिकारी को समय पर निरीक्षण रिपोर्ट/कार्य बिंदुओं की अनुवर्ती कार्रवाई प्रस्तुत करना.

**टिप्पणी: ऊपर वर्णित कार्य रूपरेखा/केआरए उदाहरण रूप में हैं. बैंक द्वारा उपर्युक्त पदों के लिए ऊपर वर्णित कार्य के अलावा समय–समय पर अन्य कार्य सौंपे जा सकते हैं.**

**संविदा अवधि और अन्य निबंधन एवं शर्तें**

चयनित उम्मीदवार को शुरू में 2 वर्ष की अवधि के लिए नियोजित किया जाएगा. संविदा अवधि पूरी होने पर, संतोषजनक स्वास्थ्य स्थिति वाले 62 वर्ष या उससे कम आयु के सीडीबीए को बैंक के विवेक पर अधिकतम दो और वर्षों की अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति के लिए विचार किया जा सकता है, लेकिन नियोजन के लिए 65 वर्ष की आयु की बाहरी सीमा के भीतर.

**संविदा की समाप्ति:** संविदा को किसी भी पक्ष द्वारा 1 महीने का नोटिस देकर या 1 महीने के मुआवजे के बराबर राशि का भुगतान करके बिना कोई कारण बताए समाप्त किया जा सकता है.

**छुट्टी:** 30 दिन की छुट्टी के लिए पात्र. छुट्टी की गणना के प्रयोजन के लिए बीच में आने वाले रविवार/छुट्टियों को छुट्टी में शामिल नहीं किया जाएगा. किसी वित्तीय वर्ष के दौरान उपचित छुट्टी का लाभ अगले वित्तीय वर्ष के दौरान लिया जा सकता है. अगले वित्तीय वर्ष में यह छुट्टी नहीं ली गई तो यह समाप्त हो जाएगी. छुट्टी देना बैंक के विवेक पर निर्भर है.

**ग. सीटीसी/पारिश्रमिक:**

| | | |
|---|---|---|
| रक्षा बैंकिंग सलाहकार (डीबीए) – वायु सेना | 34.50 लाख रुपये प्रति वर्ष (नियत. कोई वेतन वृद्धि नहीं). | अन्य सुविधाएं: पात्रता के अनुसार मोबाइल कॉलिंग बिल. |
| मंडल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) – बेंगलूरु | 24.50 लाख रुपये प्रति वर्ष (नियत. कोई वेतन वृद्धि नहीं). | अन्य सुविधाएं: पात्रता के अनुसार मोबाइल कॉलिंग बिल. |
| मंडल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) – चंडीगढ़ | 24.50 लाख रुपये प्रति वर्ष (नियत. कोई वेतन वृद्धि नहीं). | अन्य सुविधाएं: पात्रता के अनुसार मोबाइल कॉलिंग बिल. |

**घ. चयन प्रक्रिया:**

चयन **शॉर्टलिस्टिंग और बातचीत** पर आधारित होगा.

**शॉर्टलिस्टिंग: न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का कोई अधिकार नहीं होगा.** बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके बाद बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट (उपलबधता के अधीन) कर साक्षात्कार के लिए बुलाये जायेंगे. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाये जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.

**साक्षात्कार:** साक्षात्कार 100 अंकों का होगा. साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे. इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.

**मेरिट सूची:** अंतिम चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों की अवरोही क्रम में तैयार की जायेगी. यदि एक से अधिक उम्मीदवार एक समान निर्दिष्ट अंक हासिल करते हैं तो ऐसे उम्मीदवारों की उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में मेरिट रैंक प्रदान की जायेगी.

**ड़. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:**

साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/ सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी और बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. **कोई कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी.**

**च. आवेदन कैसे करें:**

उम्मीदवारों की सक्रिय ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर हो, जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए. इससे उन्हें अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशानिर्देश:**

i. उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करें और इन्टरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड आदि का उपयोग करके आवेदन शुल्क का भुगतान करें.

ii. उम्मीदवार सर्वप्रथम अपने नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार अपलोड (कृपया 'दस्तावेज अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत पैरा छ–ई–vi के साथ पैरा छ–बी–ii और पैरा छ–सी–v देखें) नहीं कर देता/देती.

iii. उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें. आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद ही उम्मीदवार इसे प्रस्तुत करें. यदि एक बार में उम्मीदवार आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है. जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को नोट कर लें.** वे पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके सहेजे गए आवेदन को फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो विवरण संपादित कर सकते हैं, लेकिन **केवल तीन बार**. कृपया ध्यान दें कि सहेजी गई जानकारी को संपादित करने की यह सुविधा **केवल तीन बार** उपलब्ध होगी. एक बार आवेदन पूरी तरह से भर जाने के बाद, उम्मीदवार को इसे प्रस्तुत करना चाहिए और शुल्क के ऑनलाइन भुगतान के लिए आगे बढ़ना चाहिए.

iv. ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, उम्मीदवारों को यह सूचना दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों का प्रिन्ट कर लें.

**शुल्क भुगतान के लिए दिशानिर्देश:**

i. सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (अप्रतिदेय) ₹750/- है (सात सौ पचास रुपए मात्र) और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति के उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क/सूचना प्रभार नहीं है.

ii. शुल्क का भुगतान बैंक की करियर वेबसाइट पर उपलब्ध भुगतान गेटवे (अर्थात पेमेंट गेटवे) के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा.

iii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद उम्मीदवार द्वारा आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी.

iv. भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह उम्मीदवारों को ही वहन करना होगा.

v. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ **ई–रसीद और आवेदन फॉर्म बनेगा** जिसे प्रिन्ट कर **उम्मीदवार अपने पास रख ले.**

vi. यदि पहली बार में ऑनलाइन शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें.

vii. शुल्क विवरणों सहित ई–रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है.

viii. भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी तरह से वापस **नहीं** लौटाया जाएगा, **न** ही इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा.

## छ. प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:

**ए. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. नवीनतम फोटोग्राफ (जेपीजी/जेपीईजी)
ii. विधिवत् स्कैन किया गया हस्ताक्षर (स्पष्ट) (जेपीजी/जेपीईजी)
iii. विस्तृत बायोडाटा (पीडीएफ)
iv. पहचान पत्र का प्रमाण (पीडीएफ)
v. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)
vi. अनुभव प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
vii. पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र (जहां लागू हो) (पीडीएफ)
viii. जाति प्रमाण पत्र (जहां लागू हो) (पीडीएफ)
ix. अन्य (नवीनतम फॉर्म 16, वर्तमान वेतन पर्ची आदि)

(एकाधिक प्रमाण पत्र अपलोड करने के मामले में, कृपया सभी को 500 केबी के आकार तक एक पीडीएफ फाइल में स्कैन करें और अपलोड करें)

**बी. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:**

i. पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन फोटो होनी चाहिए.
ii. **फाइल का आकार 20 केबी–50 केबी और आयाम 200X230 पिक्सल तक होना चाहिए.**
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.
iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.
v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई छाया न पड़े.
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रैड–आई नहीं है.
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.
viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें.

**सी. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर **काली स्याही के पैन** से हस्ताक्षर करें.
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई अन्य व्यक्ति.
iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां हस्ताक्षर करें.
iv. यदि हस्ताक्षर में कोई बेमेल पाया जाता है तो आवेदक को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.
v. **फाइल का आकार 10 केबी–20 केबी के बीच का हो और डायमेंशन 140X60 पिक्सल (अधिमानत:) हो.**
vi. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.
vii. अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरों (CAPITAL LETTERS) में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**डी. प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. सभी दस्तावेज पीडीएफ प्रारूप में हों.
ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.
iii. फाइल का कुल आकार **500 केबी** से अधिक का न हो.

**प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार (जारी.....)**

iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं.

**ई. फोटो/हस्ताक्षर/प्रलेखों को स्कैन करने हेतु दिशानिर्देश:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स पर इन्च) पर रखें.
ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें.
iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके फोटो को स्कैन करें फिर फोटो को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.
iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)
v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॉन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है
vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में पा सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट से जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा. इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्सल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है. इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं.
vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**एफ. प्रलेख अपलोड करने की प्रक्रिया:**

i. हर प्रलेख को अपलोड करने हेतु अलग से लिंक दिए जाएंगे.
ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.
iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेपीईजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.
iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
v. आवेदन सबमिट करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.
vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.
vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्तातक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद उम्मीदवार जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं. फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. **फोटो पर चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.**

## ज. सामान्य जानकारी:

i. **पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्तवर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और कि उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही है.**
ii. भर्ती के किसी भी स्तर पर यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारीता को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं.
iii. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.
iv. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त पाए जाने के अधीन है. इस तरह की नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अधीन भी होगी, जो बैंक में भर्ती के समय लागू थे.
v. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण सूचना जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई–मेल आईडी एवं मोबाईल फोन नंबर को सक्रिय रखें.
vi. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.
vii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, वैसे उम्मीदवार जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है, अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों.
viii. जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध–सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचना दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.
ix. चयन की दशा में, उम्मीदवार से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.
x. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.
xi. उम्मीदवारों को उन्हीं के हित के लिए यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें, क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.
xii. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र–व्यवहार किया जाएगा.
xiii. जहां भर्ती का तरीका किसी लिखित परीक्षा के बिना केवल साक्षात्कार है, केवल पात्रता मानदंडों को पूरा करने से कोई उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं होता है. उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संदर्भ में प्रारंभिक जांच/शॉर्ट–लिस्टिंग के बाद साक्षात्कार के लिए केवल अपेक्षित संख्या में उम्मीदवारों को बुलाने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है.
xiv. एक ही पद के लिए कई आवेदन होने की स्थिति में, अंतिम मान्य (भरा हुआ) आवेदन को ही रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण हेतु भुगतान किये गए आवेदन शुल्क/इन्टीमेशन शुल्क को ज़ब्त कर लिया जाएगा. साक्षात्कार में एक पद के लिए एक उम्मीदवार द्वारा एकाधिक उपस्थिति पूर्णत: अस्वीकृत कर दी जाएगी/उम्मीदवारीता रद्द कर दी जाएगी.
xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाही मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व एकमात्र अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.
xvi. बाहरी उम्मीदवारों, जिन्हें चयनित सूची के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है, को उनके आवास/कार्यस्थल से भारत में सबसे छोटे मार्ग से हवाई यात्रा (इकोनॉमी क्लास) द्वारा 'आने–जाने' के यात्रा व्यय या वास्तविक यात्रा के आधार पर उपगत वास्तविक खर्च (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जाएगी. स्थानीय परिवहन की भरपाई नहीं की जाएगी. पद हेतु यदि उम्मीदवार अपात्र पाया जाता है, तो उसे साक्षात्कार में उपस्थित नहीं होने दिया जाएगा और उसे किसी किराए की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी.
xvii. **साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ–साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने को अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.**
xviii. **बैंक किसी भी स्तर पर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से या किसी विशेष पद के लिए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

किसी पूछताछ के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट **(URL - https://bank.sbi/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध "CONTACT US/post your query" लिंक के ज़रिए हमसे संपर्क करें.

मुंबई
दिनांक: 07.06.2024

**मुद्रण की त्रुटियाँ यदि हों, तो उसके लिए बैंक ज़िम्मेदार नहीं होगा.**
**किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा.**

महाप्रबंधक
(आरपी और पीएम)

## आवेदन कैसे करें

https://bank.sbi/careers/current-openings पर लॉगिन करें

नीचे स्क्रॉल करें और संबंधित
विज्ञापन सं. **CRPD/SCO/2024-25/01** पर क्लिक करें

**विज्ञापन डाउनलोड करें** (विस्तृत विज्ञापन ध्यान पूर्वक पढ़ें)

**ऑनलाइन आवेदन करें**
(अंतिम प्रस्तुतीकरण से पहले, कृपया अपना आवेदन अच्छी तरह पढ़ लें.
अंतिम प्रस्तुतीकरण के बाद उसमें सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी)

